बिहार सरकार

बाल विकास परियोजना कार्यालय, सीवान सदर

विज्ञापन– 01/2024

आँगनबाड़ी–सह–क्रेच हेतु विज्ञापन प्रारूप

सचिव समाज कल्याण विभाग का पत्रांक–3815 दिनांक–24.06.2024 से आँगनबाड़ी–सह–क्रेच संचालन हेतु क्रेच वर्कर एवं क्रेच हेल्पर के चयन संबंधित मार्ग दर्शिका के आलोक में चयन करने का निदेश प्राप्त है।

मिशन शक्ति उपयोजना सामर्थ्य अंतर्गत आँगनबाड़ी–सह–क्रेच संचालन हेतु आँगनबाड़ी केन्द्र–शिव मंदिर के पास, केन्द्र संख्या–205, वार्ड सं0–11, डायट के समिप, सीवान, का चयन किया गया है, जिसके संचालन के लिए 01 क्रेच वर्कर एवं 01 क्रेच हेल्पर का पद सृजन किया गया है। चयन जिला प्रोग्राम पदाधिकारी के अध्यक्षता में गठित चयन समिति द्वारा किया जायेगा। उक्त पद पर चयन हेतु योग्य महिला अभ्यार्थियों को संविदा आधारित नियोजन हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।

स्वीकृत रिक्त पदों के लिए अर्हताएँ एवं नियोजन हेतु योग्यता निम्नवत है:–

क्र0	पद का नाम	पद की सं0	योग्यता/अर्हताए/अनुभव	मानदेय	अभियुक्ति
01	क्रेच वर्कर (महिला हेतु आरक्षित)	01	इंटरमिडिएट अथवा समकक्ष	5500.00	पद संविदा आधारित है।
02	क्रेच हेल्पर (महिला हेतु आरक्षित)	01	मैट्रिक अथवा समकक्ष (अतिरिक्त विषयों को छोड़ कर)	3000.00	पद संविदा आधारित है।

इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र संलग्न विहित प्रपत्र में मार्ग दर्शिका के निहित प्रावधानों के तहत आवेदन रजिस्टर्ड डाक द्वारा अथवा हाथों–हाथ बाल विकास परियोजना कार्यालय, सिवान सदर, सिवान के पते पर भी जमा कर सकते है।

- क्रेच वर्कर एवं क्रेच हेल्पर के चयन हेतु उम्र सिमा रिक्ति के प्रकाशन कि तिथि को न्यूनतम 18 वर्ष तथा अधिकतम उम्र सीमा 35 वर्ष होगी।
- आँगनबाड़ी क्रेच वर्कर/हेल्पर चयन हेतु वार्ड का निवासी होना आवश्यक होगा। आवेदन पत्र के साथ सक्षम प्राधिकार से निर्गत स्थाई आवसीय प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा जिसमें संबंधित वार्ड अंकित होना चाहिए।

अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र संलग्न विहित प्रपत्र में भरकर विज्ञापन प्रकाशन के 10 दिनों के अन्दर आवेदन रजिस्टर्ड डाक द्वारा अथवा हाथों–हाथ बाल विकास परियोजना, सीवान सदर, सीवान में भेज सकते है।

नियोजन हेतु विस्तृत जानकारी हेतु बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सिवान सदर के ई–मेल आई0डी–cdposiwan123@gmail.com अथवा कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है साथ ही आवेदन प्रारूप जिला के वेबसाईट https://siwan.nic.in/ से प्राप्त किया जा सकता है।

विस्तृत जानकारी **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

जिला प्रोग्राम पदाधिकारी,
सीवान

PR. No. 007312 (SWD) 2024-25

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।